इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सजेगा फर्नीचर व लाइफस्टाइल एक्सपो

मिलेंगे देसी-विदेशी उत्पाद, द प्लानर्स के तत्वावधान में होगा आयोजन, अमर उजाला है मीडिया पार्टनर

लखनऊ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार से द प्लानर्स के तत्वावधान में फर्नीचर व लाइफस्टाइल एक्सपो के नये सीजन का शुभारंभ होने जा रहा है। इस आयोजन में अमर उजाला मीडिया पार्टनर है। आयोजक सनी मलिक ने बताया कि यह नया सीजन अपने आप में अद्‌भुत होगा।

उन्होंने बताया कि समय के साथ द प्लानर्स के कार्यक्रमों की सफलता को देखते हुए नये डिजाइनर्स व क्वालिटी प्रोडक्ट्स एक्सपो से जुड़ते जा रहे हैं। इस बार इवेंट में मिडनाइट फूड फेस्टिवल स्वाद के शौकीनों को नया अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि यह एक्सपो सुबह 11 से रात 11 बजे तक चलेगा। समर सीजन में यह एक्सपो राजधानी वासियों को नया एक्सपीरियंस देगा। इसमें हाउस ऑफ

वरदा के डिजाइन व दुबई फैशन स्ट्रीट प्रमुख आकर्षण होंगे। वहीं, विभिन्न फ्लेवर की चाय की चुस्कियां इस एक्सपो का मजा दोगुना कर देंगी। यह एक्सपो लोगों के घर की साज सज्जा में चार चांद लगा देगा। इसका आयोजन 10 से 13 जून तक प्रस्तावित है। (संवाद)